## संक्षिप्त

### समता स्थापना महोत्सव रविवार को

**करौली, (निंसं.)** समता आंदोलन समिति करौली की ओर से स्थापना महोत्सव कार्यक्रम 29 जून रविवार को गुलाब बाग करौली इन मैरिज गार्डन, में दोपहर 11:00 बजे से प्रारंभ होगा, समता आंदोलन समिति के जिला अध्यक्ष नरेश सिंह विनेगा एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. देव कुमार गौड़ ने बताया कि इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष पाराशर नारायण शर्मा मुख्य अतिथि होंगे। स्थापना महोत्सव की तैयारीयो को लेकर उन्होंने बताया कि विगत 15 दिवस से लगातार कॉलोनियो मे बैठकों का आयोजन किया जा रहा है बैठकों में विभिन्न प्रकार की जिम्मेदारीया सौंपते हुए कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाए जाने के प्रयास किए जा रहे है। यह कार्यक्रम केवल उत्सव ना, होकर सामाजिक न्याय,समानता और समरसता के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करने वाला रहेगा स्थापना महोत्सव में समता आंदोलन समिति के प्रांतीय कार्यकर्ताओं के साथ समता आंदोलन समिति भरतपुर,समता आंदोलन समिति धौलपुर के कार्यकर्ता भी विशेष रूप से आमंत्रित किए गए हैं। प्रांतीय कार्यकर्ताओं में विशेष रूप से राम निरंजन गौर,ऋषिराज सिंह राठौर,सुरेंद्र सिंह राठौड़, का मार्गदर्शन भी प्राप्त होगा। जिला अध्यक्ष नरेश सिंह बिनेगा एवं कार्यक्रम संयोजक डॉक्टर देव कुमार गौड़ ने समता आंदोलन के कार्यकर्ताओं से नियत समय एवं स्थान पर कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुँचने की अपील की है।

### शिविर का किया औचक निरीक्षण

**करौली।** जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने शुक्रवार पंचायत समिति करौली की ग्राम पंचायत मांची व गुडला में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा शिविर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पीएचईडी, राजस्व, चिकित्सा, समाज कल्याण, श्रम विभाग, जल संसाधन विभाग, शिक्षा, सानिवि, महिला एवं बाल विकास सहित अन्य विभागों द्वारा दी जा रही सेवाओं का जमीनी स्तर पर जायजा लिया व उपस्थित अधिकारियों को अधिक से अधिक लोगों को योजनाओं से राहत पहुचाने के निर्देश भी दिये। उन्होंने इस दौरान वहां उपस्थित लोगों से दी जा रही सेवाओं की जानकारी ली व अधिकारियों को समय पर उपस्थित होकर पखवाडे को सफल बनाने के निर्देश भी दिये। जिला कलेक्टर ने कहा कि पखवाडे का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में बैठे लोगों को लाभान्वित कर अन्त्योदय के मूल उद्देश्य को चरितार्थ करना है। इस दौरान तहसीलदार महेन्द्र गुर्जर सहित अन्य ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### कार्यशाला का आयोजन 29 को

**करौली।** आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के उपनिदेशक मुकेश कुमार ने बताया कि प्रसिद्ध वैज्ञानिक व सांख्यिकीविद् पीसी महालनोबिस के 132 वें जन्म दिवस के अवसर पर 19वां सांख्यिकी दिवस जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन 29 जून को होटल करौली इन में प्रातः 10:00 बजे से किया जाएगा। उन्होंने इस अवसर पर संबंधित अधिकारियों को आमंत्रित कर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### जिला कलेक्टर ने किया साइबर थाना का औचक निरीक्षण

**करौली, (निंसं.)** जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने शुक्रवार को जिले के साइबर थाना करौली का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने साइबर परिवादों का समय पर निस्तारण करने, लोगो को साइबर अपराधों के बारे में आमजन को अधिक से अधिक जागरूक करने, लंबित प्रकरणों पर त्वरित कार्यवाही करने व साइबर अपराधों के निवारण हेतु की जा रही तकनीकी गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। जिला कलेक्टर ने साइबर अपराध से निपटने के लिए बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने, पीडितों को तत्काल सहायता सुनिश्चित करने, साइबर अपराध के बढते मामले को देखते हुए विशेष सतकर्ता एवं तकनीकी की सहायता से कार्य करने के निर्देश उपस्थित पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को दिये। जिला कलेक्टर थाना प्रभारी को अबतक की गई कार्यवाही, दर्ज मामलों की स्थिति एवं शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया की जानकारी भी ली व आमजन की सुविधा हेतु साइबर हेल्पलाईन नम्बर 1930 की सार्वजनिकता पर जोर दिया।

# जिला कलक्टर ने गांगरौली व ऐचेंरा में शिविर का किया निरीक्षण

**भरतपुर (निस)।** जिला कलक्टर कमर चौधरी ने जिले की नदबई ब्लॉक की ग्राम पंचायत गांगरौली व ऐचेंरा में पण्डित दीनदयाल उपाध्याय शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संकल्प शिविर में आमजन की समस्याओं का समाधान होने के साथ पात्रजनों को मौके पर योजनाओं से लाभान्वित किया जाये। जरुरतमंद लोगों की समस्या समाधान करने के साथ ही पात्र व्यक्तियों को शिविर से खाली हाथ नही लौटने पर ही शिविर की मुख्य सफलता होगी।

जिला कलक्टर ने शिविर का निरीक्षण करते हुए ग्रामीणों की समस्या सुनी तथा संबन्धित विभागों को समस्याओं का मौके पर ही निराकरण करने के निर्देश दिये। ग्रामीणों ने मुख्य सडक मार्ग पर जलभराव होने की जानकारी दी तो उन्होंने ग्राम पंचायत को पानी निकासी की समुचित व्यवसिा करने के निर्देश दिये। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को मौके पर निरीक्षण करते हुए मूलभूत समस्याओं का समाधान करने को कहा।

जिला कलक्टर ने शिविर में खाद्य सुरक्षा योजना के बारे में बताते हुए पात्र व्यक्तियों को आवेदन करने के लिए जागरुक किया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को जांच पडताल कर चिन्हित व्यक्तियों को ही योजना से लाभान्वित करने के दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करते हुए ग्रामीणों को जागरुक कर, लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

मौसमी बीमारी से बचाव को लेकर चर्चा करते हुए अभी से सावधानी बरतने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि सभी ग्रामीणजन सरकार की मंशा के अनुरूप शिविर में आये विभागों से जानकारी लेकर योजनाओं का लाभ ले तथा पात्रता के आधार पर आवेदन करें। उन्होंने राजस्व, कृषि, पशुपालन विभाग के अधिकारियों को शिविरों में पात्र शत-प्रतिशत लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये। इससे पहले जिला परिषद सीईओ मृदुल सिंह ने भी ग्राम पंचायत गांगरौली में आयोजित शिविर का निरीक्षण करते हुए विभागीय अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम गंगाधर मीणा, तहसीलदार जगवीर बेनीवाल, विकास अधिकारी सौदान सिंह, सरंपच राजेन्द्र सिंह व अशोक सिंह आदि मौजूद रहे।

ग्राम पंचायत ऐचेंरा में शिविर निरीक्षण करने से पहले जिला कलक्टर ने हरियालो राजस्थान अभियान के तहत पौधारोपण करते हुए ग्रामीणों को जागरुक किया।



**जिला कलक्टर कमर चौधरी ने जिले की नदबई ब्लॉक की ग्राम पंचायत गांगरौली व ऐचेंरा में पण्डित दीनदयाल उपाध्याय शिविर का निरीक्षण किया।**

## विधायक से शहर की समस्याओं पर की मुलाकात

**भरतपुर (निस)।** ब्राह्मण युवा मंच भरतपुर के संयोजक मनीष तिवारी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने भरतपुर विधायक डॉ.सुभाष गर्ग से भरतपुर शहर की मुख्य समस्याओं को लेकर मुलाकात की मनीष तिवारी ने बताया कि शहर में जलभराव व ड्रेनेज की मुख्य समस्या है जिससे जगह जगह कॉलोनियों में पानी भर जाता है इसके साथ ही गंदगी भी मुख्य समस्या है भरतपुर विधायक डॉ.सुभाष गर्ग ने शहर की मुख्य समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण का आश्वासन दिया व अपने स्तर पर जो भी भरसक प्रयास करने होंगे वो करेंगे इसके साथ ही डॉ.सुभाष गर्ग राष्ट्रीय लोकदल में हाल ही में राष्ट्रीय महासचिव की जिम्मेदारी मिली है उसके लिये भी बधाई दी व उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर ब्राह्मण युवा मंच के संयोजक मनीष तिवारी राष्ट्रीय लोकदल के शहर अध्यक्ष विनोद गुप्ता. पार्षद प्रतिनिधि अमित गौरावर. लखन शर्मा. प्रतीक शर्मा. अरुण पाठक. एडवोकेट सचिन सूरोता. सोमेंद्र शांडिल्य. शिक्षाविद मनोज तिवारी. वैभव उपमन. राम गावड़ी आदि लोग उपस्थित रहे।

## विधायक ने किया पुलिया का लोकार्पण

**करौली, (निंसं.)** करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ने शुक्रवार को ग्राम पंचायत ससेडी में ग्राम ससेडी से भंवरपुरा को जोड़ने वाले मार्ग पर 20 लाख रुपये की लागत से निर्मित पुलिया का लोकार्पण किया। इस महत्वपूर्ण परियोजना के पूर्ण होने से क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुगमता होगी और स्थानीय समुदाय को बेहतर कनेक्टिविटी का लाभ मिलेगा। लोकार्पण समारोह में विधायक ने कहा कि यह पुलिया ग्राम ससेडी और भंवरपुरा के बीच आवागमन को आसान बनाएगी, जिससे न केवल दैनिक जीवन सुगम होगा बल्कि क्षेत्र के आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। हमारी सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए कटिबद्ध है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच,स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामवासियों ने इस पहल के लिए विधायक दर्शन सिंह गुर्जर और सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।

# भारत विकास परिषद के संस्थापक की जयंती पर किया पौधारोपण

**हिंडौन सिटी।** भारत विकास परिषद्, शाखा हिण्डौन सिटी द्वारा परिषद् के संस्थापक डॉ सूरज प्रकाश की 105वीं जयंती शहर में विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण इत्यादि कार्यक्रम आयोजित कर धूमधाम से मनाई गई।

कार्यक्रम में परिषद् के प्रांतीय एवम् शाखा के दायित्वधारियों ने सहभागिता करते हुए डॉ साहब के त्याग, तप एवम् संस्कारों से परिपूर्ण जीवन मूल्यों को अपनाने का संकल्प लिया।

शाखा अध्यक्ष उपेन्द्र गुप्ता ने परिषद् के संस्थापक डॉ सूरज प्रकाश के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि डॉ साहब का जन्म पंजाब के गुरुदासपुर जिले के छामल गांव में 27 जून 1920 को रामसरन महाजन और श्रीमती मेला देवी के ज्येष्ठ पुत्र के रूप में हुआ था, आर्य समाजी, धार्मिक परिवार में जन्मे डॉ साहब ने 1943 में किंग एडवर्ड मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस विशिष्टता के साथ पास कर सर गंगाराम अस्पताल में हाउस सर्जन व बाद में सर बालक राम मेडिकल कॉलेज में शिक्षक के रूप में काम किया। उनका चुम्बकीय व्यक्तित्व था जिससे वह विद्वानों, उद्योगपति, राजनेताओं आदि से मिलकर उन्हें अपनत्व महसूस होता था, वह लक्ष्य के प्रति दृढ़संकल्पित रहते थे, उनमें जन्म से ही नेतृत्व प्रतिभा थी। डॉ साहब का जीवन संस्कार, सेवा, त्याग आदि सदाचरण से परिपूर्ण रहा।

प्रांतीय सेवा गतिविधि संयोजक देवेन्द्र शर्मा ने डॉ साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 1962 में चीनी आक्रमण के समय भारतीय सेना के पास बर्फीली सर्दियों में पहनने के उपकरण, वर्दी, जूते, दवाइयों की आवश्यकता को पूरा करने व भारतीय सैनिकों की सहायता के लिए उन्होंने सिटीजन फोरम, नागरिक परिषद् (जनमंच) की स्थापना की थी, उस समय परिषद् ने आम जनता से अपील कर बड़ी मात्रा में गर्म स्वेटर, मोजे, दवाइयां और सूखे मेवे एकत्रित कर सीमाओं पर भेजने हेतु सरकार भेजे थे। डॉ साहब को मिली इस बड़ी सफलता के बाद संगठन को स्थाई आधार देने को स्वामी विवेकानंद जी के जन्म शताब्दी वर्ष में नागरिक परिषद् से "भारत विकास परिषद्" में बदल दिया।

शाखा अध्यक्ष उपेन्द्र गुप्ता ने बताया कि डॉ साहब की 105वीं जयंती पर परिषद् द्वारा करौली रोड़ स्थित मोक्षधाम परिसर एवम् राष्ट्रीय पार्क में वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में सचिव दीनदयाल सिंघल, कोषाध्यक्ष उमेश शर्मा, पर्यावरण प्रभारी राजेन्द्र गुप्ता (बजाज), महिला सहभागिता संयोजिका वन्दना शर्मा, मोक्षधाम प्रभारी पवन ऐरन, रक्तदान प्रभारी मोहित मित्तल, सुनील अग्रवाल, हरिचरण गुप्ता आदि सदस्य सम्मिलित हुए।

## सवाईमाधोपुर की सड़को को लगेंगे विकास के पँख

**सवाईमाधोपुर।** सवाईमाधोपुर के विधायक एवं कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा के अथक प्रयासों से सवाईमाधोपुर आने वाले समय में बहुत ही विकसित एवं खूबसूरत बनेगा। इसी कड़ी में शुक्रवार को डॉ. किरोड़ी लाल मीणा की अभिशंषा पर सार्वजनिक निर्माण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रवीण गुप्ता एवं वित्त सचिव वैभव गालरिया ने सार्थक और आवश्यक निर्णय लेते हुए आलनपुर सर्किल एवं रणथम्भौर सर्किल दोनों सर्किलों के सौंदर्यीकरण एवं दोनो के मध्य दो किलोमीटर की सड़क के चौड़ाईकरण के लिए 15 करोड़ रुपये की संशोधित वित्तीय स्वीक्रति जारी कर दी गई । यह राशि पहले रणथम्भौर रोड के लिए स्वीकृत हुई थी जो कि अपर्याप्त थी क्योंकि हम्मीर सर्किल से गणेश धाम तक की सड़क की लंबाई लगभग 8 किलोमीटर है इस कारण यह राशि अपर्याप्त है परन्तु यह राशि बजट घोषणा 2025 में स्वीकृत है।

## भगवान श्री जगन्नाथ महोत्सव धूमधाम से मनाया

- पुष्पों की सजावट और महाआरती से मंदिर परिसर हुआ भक्तिमय

**भरतपुर (निस)।** बासन गेट स्थित प्राचीन मंदिर भगवान श्री जगन्नाथ में भगवान श्री जगन्नाथ रथयात्रा समिति द्वारा जगन्नाथ महोत्सव मनाया गया। महामंत्री महेश सिंघल ने बताया कि मंदिर प्रांगण को देशी विदेशी, मथुरा वृन्दावन से लाए विभिन्न आकर्षक फूलों द्वारा सजाया गया। पुष्पों की मनमोहक सुगंध एवं रोशनी की इन्द्रधनुषी छटा से मंदिर जगमगा उठा। मंदिर स्थित भगवान श्री जगन्नाथ, भाई बलभद्र एवं बहिन सुभद्रा के विग्रहों को मोती जडित नई पोशाक धारण कराई, सोने चांदी के आभूषणों इत्र सुगंधित तेल फुलेल आदि से अनुपम श्रृंगार किया गया।

मंदिर के श्री विग्रह एवं श्री बांके बिहारी जी शहर भ्रमण यात्रा के ठाकुर जी की महाआरती, भाजपा जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा, अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष सीए अतुल मित्तल, अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनुराग गर्ग, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री धर्मेन्द्र शर्मा, अग्रवाल सीनियर सिटीजन कल्याण समिति के उपाध्यक्ष शंकरलाल अग्रवाल, ब्रजेश कौशिक अध्यक्ष श्री रामलीला समिति भरतपुर के आतिथ्य में की गई।

भगवान जगन्नाथ जी दर्शनार्थ मंदिर में जन सैलाव पमड पडा। भगवान श्री जगन्नाथ जी के जयकारों से मंदिर प्रांगण गूँज उठा, भक्ति और आस्था की ऐसी होड कि हर कोई भगवान के दर्शन सर्वप्रथम करना चाहता था। समिति संरक्षक संजीव गुप्ता, अध्यक्ष मोहन मित्तल, महामंत्री महेश सिंघल, कोषाध्यक्ष राजेश चंद, विष्णु लोहिया, अर्जुन बंसल ने अतिथियों का पटका, माला पहनाकर स्वागत किया। सभी को खोवा, माखन मिश्री का भोग, केला व शर्बत का वितरण किया गया। सांय को 5 बजे पुनः आरती के बाद भगवान जगन्नाथ के प्रिय भोग खिचडी का वितरण किया।

# समाज विकास के लिए बेटा- बेटियों की शिक्षा पर दें जोर : पं रामकिशन शर्मा

- श्री ब्राह्मण समाज समिति द्वारा समारोह में समाज की प्रतिभाओं को किया सम्मानित
- मनमोहक झांकियों के साथ देर शाम निकाली गई भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा

रूपवास, कस्बे के धौलपुर रोड़ स्थित लीलाश्याम पैराडाइज में श्री ब्राह्मण समाज समिति के तत्वावधान में भगवान परशुराम शोभायात्रा एवं प्रतिभा सम्मान समारोह लोकेश शर्मा जिलाध्यक्ष श्री ब्राह्मण समाज समिति भरतपुर के मुख्यातिथ्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सांसद पंडित रामकिशन शर्मा ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में सुशील पाराशर विप्र फाउंडेशन,अर्चना शर्मा,पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा,पूर्व तहसीलदार मटोलीराम शर्मा,पूर्व आयकर आयुक्त रजनीकांत शर्मा,हरिशंकर शर्मा,नरेंद्र वैद्य मौजूद थे। इस अवसर पर सर्वप्रथम अतिथियों ने भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पूर्व सांसद पंडित रामकिशन ने कहा कि ब्राह्मण समाज के विकास के लिए सामूहिक एकजुटता एवं बेटा बेटियों की शिक्षा पर जोर दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज के भामाशाहों को तहसील, जिला व प्रदेश स्तर पर भगवान श्री परशुराम के नाम से छात्रावासों का निर्माण कराकर निर्धन बच्चों को आवास, शिक्षा व दीक्षा के लिए सकारात्मक कदम उठाना उठाना चाहिए। अभिभावक बेटा-बेटियों की शिक्षा पर ध्यान दें, शिक्षा अनमोल रत्न है। पूर्व आयकर आयुक्त रजनीकांत शर्मा ने 21 विद्यार्थियों को 11 सौ-11 सौ रुपए नकद प्रोत्साहन राशि प्रदान की। इससे पहले सभी अतिथियों का श्री ब्राह्मण समाज समिति के अध्यक्ष राजेश कटारा एवं कार्यकारिणी के द्वारा सम्मान किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में समिति के द्वारा केन्द्र व राज्य सरकार की भर्तियों में नियुक्त व 10 वीं व 12 वीं कक्षा में 90 प्रतिशत से अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। मंच का संचालन अधिवक्ता शंकर दयाल शर्मा रूदावल ने किया। इस कार्यक्रम के बाद शाम को भगवान परशुराम की शोभायात्रा निकाली गई।

शोभायात्रा धौलपुर रोड़, हनुमान चौक, मुख्य बाजार, सब्जी मंडी, महादेव चौक, स्टेशन रोड होती हुई मेला मैदान,नवीन शिक्षण संस्थान पहुंची। शोभायात्रा का जगह जगह विभिन्न संगठनों व समाज के लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। शोभायात्रा में सीता राम, शिव पार्वती, राधा कृष्ण, हनुमान महाराज समेत अन्य झांकियां निकाली गई। इस अवसर पर उमेश कामवार, श्रीकांत शर्मा, बैजनाथ शर्मा, मोहनलाल शर्मा,बृजमोहन शर्मा,राजेश पाराशर,सत्तू गौड़,प्रवेश शर्मा, योगेश शर्मा,अभिषेक कटारा, सौनू,लवली कटारा, देवीचरन शर्मा आदि मौजूद।

## वार्डों में आयोजित होंगे शिविर

**भरतपुर (निस)।** राज्य सरकार द्वारा आमजन की समस्याओं के मौके पर ही निस्तारण हेतु पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडा के तहत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

आयुक्त नगर निगम श्रवण विश्नोई ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडा के तहत शिविर आयोजित कर आमजन की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जायेगा। उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति अपनी शिकायत व आवेदन पत्र निर्धारित शिविर स्थल पर आकर प्रस्तुत कर सकता है, जिसका समाधान निगम द्वारा किया जायेगा। नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में 30 जून से 10 जुलाई तक शिविर आयोजित किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि अधिशाषी अभियन्ता विद्युत राहुल मित्तल को कैम्प प्रभारी एवं सहायक अभियन्ता नगर निगम राधेश्याम गुर्जर को सहायक प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को सिखाए मां-बच्चे की देखभाल के गुर

- पलेई में दो मॉडल केंद्र शुरू

**भरतपुर (निस)।** भरतपुर बाल विकास परियोजना, समृद्व ग्राम्य अभियान एवं श्री कृष्णा सुदर्शन ऊर्जा प्रा.लि की ओर से बनस्थली मार्ग स्थित श्री कृष्णा सुदर्शन ऊर्जा कम्पनी के सभागार पर आंगनवाडी कार्यकर्ता एवं सहयोगनी प्रशिक्षण बाल विकास परियोजना निवाई की सीडीपीओ संगीता दीपक की अध्यक्षता में आयोजित किया गया, जिसके मुख्य अतिथि समृद्व ग्राम्य अभियान के प्रभारी पुनीत गुप्ता एवं कुम्हेर के सीडीपीओ महेन्द्र अवस्थी रहे, जबकि श्री कृष्णा सुदर्शन ऊर्जा कम्पनी के जनरल प्रबन्ध मुकेश शर्मा, एलएस गंगा मीणा व अनिल गर्ग विशिष्ट अतिथि रहे। प्रशिक्षण में 0 से 6 साल की आयु के बच्चों सहित गर्भवती महिला, किशोरियों के स्वास्थ्य, शिक्षा, खान-पान और देखभाल आदि का ज्ञान दिया गया तथा बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य, शिक्षा, समाज कल्याण, पुलिस आदि विभाग की बच्चा व महिलाओं के हितकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही निवाई उपखण्ड क्षेत्र के ग्रामीण अंचल के समस्त आंगनवाडी केन्द भवन और अन्य प्रकार की असुविधा आदि पर चर्चा की गई। जिसमें समृद्व भारत अभियान एवं श्री कृष्णा सुदर्शन ऊर्जा कम्पनी के द्वारा निवाई ग्रामीण खण्ड के समस्त आंगनवाडी केन्द्रों का विकास, बच्चा व महिलाओं को फर्नीचर, आधुनिक रसोई, वाटिका, खिलौना, पंखा, भवन का जीर्णोद्वार व रंग-रोगन, चित्रकारी आदि उपलब्ध कराते हुए मॉडल आंगनवाडी केन्द्र बनाने के साथ-साथ निवाई ग्रामीण खण्ड को मॉडल सैक्टर डवलपमेंट कराने की घोषणा की और प्रथम चरण में गांव पलेई के आंगनवाडी केन्द्र प्रथम व द्वितीय तथा दूसरे चरण में 11 आंगनवाडी केन्द्रों का तथा तीसरे चरण में शेष सभी केन्द्रों को मॉडल बनाया जाऐगा। प्रशिक्षण के समय निवाई ग्रामीण खण्ड के 32 आंगनवाडी के केन्द्रों को वाटिका वास्ते हरी सब्जी के बीज के पैकेट वितरण किए। प्रभारी पुनीत गुप्ता ने कहा कि मां और बच्चों के देखभाल के केन्द्र है आंगनवाडी केन्द्र, जहां बच्चा, महिला, किशोरी के स्वास्थ्य, शिक्षा, खान-पान सहित बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास को खेलकूद, मनोरंजन, शिक्षा आदि पर घ्यान दिया जाता है।

सचिव सीताराम गुप्ता के प्रयास से श्री कृष्णा सुदर्शन ऊर्जा कम्पनी ने टोंक, भरतपुर, जयपुर, धौलपुर, डीग आदि जिले में बच्चा, महिला व किशोरी सहित गरीब, किसान, मजदूर और ग्रामीण विकास आदि कदम उठाया है, जिसके द्वारा आंगनवाडी केन्द्र, यात्री प्रतिक्षालय, बेटी की लाईब्रेरी आदि पर ध्यान है। निवाई की सीडीपीओ संगीता दीपक ने कहा कि आंगनवाडी केन्द्रों को मॉडल बनाने के लिए जो कदम समृद्व ग्राम्य अभियान भरतपुर ने उठाया है,वह सराहनीय योग्य है। ऐसे कार्य से ग्रामीण अंचल के बच्चा, गर्भवती महिला, किशोरी का सर्वांगीण विकास होगा।

## इंटैक करौली चैप्टर को मिला सर्वश्रेष्ठ चैप्टर आवार्ड

**करौली।** इण्डियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हैरिटेज नई दिल्ली द्वारा इंटैक चैप्टर करौली को राष्ट्रीय सेलीब्रेटिंग इंडिया पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट कार्य करने पर देश भर में बेस्ट चैप्टर अवॉर्ड के लिए चयनित किया गया है। चैप्टर के विरासत शिक्षा एवं संचार सेवा प्रभारी राजेन्द्र दीवान ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता का आयोजन फरवरी माह में किया गया था जिसमें करौली चैप्टर द्वारा लगभग एक सौ पचास विद्यार्थियों ने भाग लेकर करौली की अमूर्त विरासतों का चित्रांकन व आलेख लेखन किया था। इस प्रतियोगिता में करौली चैप्टर से एक विद्यार्थी को रीजनल स्तर पर विजेता भी घोषित किया गया था।चैप्टर के कन्वीनर पूर्व नरेश कृष्णचंद्र पाल व कोकन्वीनर राव शिवराज पाल ने इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त की है।

## सार-समाचार

### ग्रामीणो ने सौंपा ज्ञापन

**करौली।** सपोटरा के खेडला गॉव के लोगो ने उप खण्ड अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन पे'ाकर डूंगरी डेम निर्माण परियोजना पर तत्काल रोक लगाने कि मांग कि। सपोटरा खेडला गॉव के लोगो एडवोकेट सोनू मीणा,प्रका'ा मीणा,भरतलाल,अमृत लाल बैरवा,धर्मराज मीणा,राजकुमार मीणा,दे'राज मीणा आदि ने मुख्यमंत्री के नाम का सपोटरा अधिकारी के प्रतिनिधी को ज्ञापन पे'ाकर बताया कि हमें समाचार पत्र एवं सोशल मीडिया से जानकारी प्राप्त हुई है कि सरकार द्वारा करौली व सवाई माधोपुर जिले की सीमा पर डूंगरी डैम का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। जिसके लिए प्रशासनिक स्वीकृति जारी की जा चुकी है। जिसके बाद सरकार एवं उपमहाप्रबंधक ईआरसीपी,एसपीएमयू सवाई माधोपुर के निर्देशानुसार प्रथम चरण में सपोटरा, गंगापुर सिटी,सवाई माधोपुर, बरनाला बामनवास, खण्डार के तहसीलदारो से प्रभावित करीब 76 गांवों की भूमि की भूमि अवाप्ति के लिए जमाबंदी एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र मांगा है। जिसमें सभी प्रभावित गांवों के ग्रामीणों की सहमति के बिना हल्का पटवारी की रिपोर्ट के आधार पर कुछ तहसीलदारो ने जमाबंदी एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र की स्वीकृति दे दी है। उन्होने बताया कि इस डूंगरी डैम परियोजना में हमारे गांव सहित आस पास के सैकडों गांवों के घर आंगन,खेत खलिहान, कुंए बाबडियां, पेड-पौधे, बाग-बगीचे,मंदिर,पुरातात्विक स्मारक,विद्यालय,आवासीय ढांचे, प्राकृतिक जल स्त्रोत, प्राकृतिक संसाधन हमारे पुरखों व सात पीढियों द्वारा अर्जित की गई सम्पत्ति, लाखो वीघा उपजाऊ कृषि भूमि बिना हमारी सहमति के अधिकृत की जा रही है

### भरतपुर सेंचुरी की पुनः अध्यक्ष निर्वाचित

**भरतपुर (निस)।** लायंस क्लब सेंचुरी के चार्टर्ड प्रेसिडेंट एडवोकेट श्रीनाथ शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि सत्र 2025-26 के लिए नॉमिनेशन कमेटी ने डॉक्टर रंजना तिवारी को अध्यक्ष चंद्रेश भृगु को सचिव व विमला शर्मा को कोषाध्यक्ष पुनः निर्वाचित किया गया है उन्होंने बताया कि नवीन कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है, डॉ रंजना तिवारी ने बताया कि इस बार क्लब वर्षपर्यंत सर्वश्रेष्ठ सेवा गतिविधियों का संचालन करेगा नवीन कार्यकारिणी का गठन इस प्रकार किया गया है लायन डॉक्टर रंजना तिवारी प्रेजिडेंट लायन रेनू सिंह वाईस प्रेजिडेंट लॉइन ललिता सिंह वाइस प्रेसिडेंट, लॉयन मीरा शर्मा वाइस प्रेसिडेंट, लाइन चंद्रेश भृगु सेक्रेटरी लायन बिमला शर्मा ट्रेजरार लायन सीमाशर्मा क्लब एडमिनिस्ट्रेटर लायन मदन गोपाल शर्मा मार्केटिंग एंड कम्युनिकेशन चेयरपर्सन लायन हरिचरण शर्मा एलसीआईएफ कोऑर्डिनेटर लायन प्रहलाद गुप्ता क्लब सर्विस चेयरपर्सन लायन नेहा शर्मा टेल ट्विस्टर लायन दिनेश सिंह टेमर लायन डॉक्टर मोहकम सिंह डायरेक्टर 2 ईयर लॉइन भगत सिंह डायरेक्टर 2 ईयर लॉइन सुरेश पाराशर डायरेक्टर 2 ईयर लायन अवधेश गोयल डायरेक्टर 1 ईयर लॉइन प्रशांत कुमार सिंह डायरेक्टर 1 इयर लायन चंद्रावती शर्मा डायरेक्टर 1 इयर लायन कमलेश शर्मा डायरेक्टर 1 ईयर लायनस्टिक वर्ष 2025 26 के लिए सदस्यता कमेटी लॉयन दिनेश शर्मा अध्यक्ष सदस्यता समिति लॉयन श्रीनाथ शर्मा ,लायन डॉ मोहकम सिंह, लायन हरिचरण शर्मा ,लाइन प्रहलाद गुप्ता सदस्य चंद्रेश भृगु को सचिव ,विमला शर्मा को पुनः कोषाध्यक्ष निर्वाचित किया गया

### बैठक आयोजित

**भरतपुर (निस)।** आर यू एच एस में प्रिंसिपल डॉ विनोद जोशी एवं स्टेट टीबी ऑफिसर डॉ पुरुषोत्तम सोनी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई । बैठक में राज्य भर से आए डीटीओ एवं मेडिकल कॉलेज के नोडल ऑफिसर एवं डब्ल्यू एच ओ कंसलटेंट समूह की मौजूदगी में भरतपुर मेडिकल कॉलेज के श्वसन रोग प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ दीपक सिंह को सर्वसम्मति से राज्य भर के मेडिकल कॉलेजेस की टीबी प्रोग्राम मॉनिटरिंग हेतु दो वर्ष के लिए स्टेट टास्क फोर्स का चेयरमैन चुना गया। डॉक्टर दीपक सिंह राज्य भर में चल रहे सरकारी एवं गैरसरकारी मेडिकल कॉलेजेस में चल रहे राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम की मॉनिटरिंग करेंगे और प्रभावी सुधारात्मक कदम चिन्हित करेंगे उन्होंने बताया कि कोविड के वजह से क्षय उन्मूलन कार्यक्रम में ब्रेक जरूर लगा था परंतु 2025 में इस पर प्रभावी नियंत्रण हमारा लक्ष्य है इसके लिए डॉक्टर्स को प्रथम वर्ष से ही ट्रेनिंग और समस्त स्टाफ और अन्य विभागों के समस्त चिकित्सकों की ट्रेनिंग की जाएंगी प्रत्येक मेडिकल कॉलेज अस्पताल आने वाले प्रत्येक रोगी की ज्ठ स्क्रीनिंग की व्यवस्था की जाएगी साथ ही त्वरित उपचार और लाइलाज ज्ठ हेतु भी स्पेशल कोर्स लॉन्च किए जाएंगे उन्होंने कहा कि यह एक टीमवर्क है जो समस्त डॉक्टर्स और स्टाफ को मिलकर करना है साथ ही आम जनता से सरकारी गाइडलाइन में सहयोग की उम्मीद है।

### जिला कलेक्टर से की शिष्टाचार भेंट

**भरतपुर (निस)।** भरतपुर में भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ के प्रतिनिधि मंडल ने शुक्रवार को प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य नरेन्द्र गोयल और जिलाध्यक्ष कृष्ण मुरारी बंसल के नेतृत्व में भरतपुर जिला कलेक्टर कमर उल ज़मान चौधरी से शिष्टाचार भेंट की और उनका माला, दुपट्टा एवं साफा पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया इस अवसर पर कलेक्टर से जिले के सर्वांगीण विकास को लेकर सकारात्मक और रचनात्मक चर्चा हुई। पदाधिकारियों ने कहा की भरतपुर के विकास मे व्यापारी प्रशासन के साथ है परंतु विकास की कड़ी मे किसी व्यापारी को उजाड़ा नही जाए यदि किसी विशेष परिस्तिथि मे व्यापारी हटाने की आवश्यकता है तो उस व्यापारी को उचित स्थान उपलब्ध कराया जाय। प्रतिनिधि मंडल ने वर्तमान समय में बढ़ रही घरेलू हिंसाओ पर चिंता व्यक्त करते हुए मोहल्ला समितियों के गठन की मांग की। जिस पर कलेक्टर ने सकरात्मक सुझाव मागते हुए जल्द ही इसे अमल मे लाने की बात कही। प्रतिनिधि मंडल में व्यापार प्रकोष्ठ के जिला महामंत्री राकेश मित्तल, जिला उपाध्यक्ष संतोष खंडेलवाल, गौरव चाहर, रामेश्वर गुप्ता, अशोक जिंदल, मनोज सिंघल, अनिल तेहरा, रजत गर्ग, सुमित अग्रवाल आदि व्यापारी प्रतिनिधि थे।

### रथयात्रा का राजशाही प्याऊ पर स्वागत

**भरतपुर (निस)।** भरतपुर के आराध्य देव श्री बांके बिहारी जी महाराज की शहर में निकली रथयात्रा का बडा बाजार स्थित राजशाही सार्वजनिक धर्मार्थ प्याऊ पर भव्य स्वागत का आयोजन किया गया। अध्यक्ष मोहन मित्तल ने बताया कि इस मौके पर पुष्पवर्षा कर ठाकुर जी को पुष्पहार अर्पण कर भोग लगाया गया एवं राहगीरों व भक्तगणों को लीची का ठंडा मीठा शरवत करीब 2500 भक्तों को पिलाया गया। इस अवसर पर महेश गोयल सर्राफ, विष्णु लोहिया, गोपाल गोयल, पीयूष सिंघल, हरीकांत गर्ग, अनिल कोठारी, गुलाब सिंघल, अशोक अरोडा, प्रीतम सिंह, देवेन्द्र शर्मा, अंकित जेके आदि का विशेष सहयोग रहा।

### खिलाडियों का किया सम्मान

**भरतपुर।** रणजीत नगर में प्रतिभावान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद पूर्व मंत्री, भरतपुर विधायक व राष्ट्रीय लोकदल के महासचिव डॉ. सुभाष गर्ग ने प्रतिभावान छात्र-छात्राओं एवं खिलाडियों का सम्मान कर पढ लिखकर देश की सेवा करने का आव्हान किया। विधायक डॉ. गर्ग ने समारोह प्रतिभावान बालक-बालिकाओं का सम्मान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये कहा कि ज्ञान व सूचना का युग है और समाज में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। उन्हें पहचानने की आवश्यकता है। उन्होंने आव्हान किया कि खेलों के साथ-साथ बच्चों को पढा लिखाकर योग्य बनाये क्योंकि शिक्षा का कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि उनका सपना है कि भरतपुर एज्यूकेशन हब के रूप में विकसित हो और वह निरन्तर इस प्रयास में लगे हुये हैं।

## बिजली गिरने से मासूम की मृत्यु

**छीपाबडौद।** ल्हासी बांध की पाल पर बिजली गिरने से खेत से घर लोट रहे दो मासूम उसकी चपेट में आ गये।ईस हादसे में अर्जुन पुत्र जगन्नाथ लोधा लाम्बाखेडा उम्र 12 वर्ष की मृत्यु हो गई।साथ ही दिलकुश पुत्र श्रीलाल लोधा उम्र 14 वर्ष लाम्बाखेड़ा गंभीर घायल को रेफर किया गया हे।


पश्चिम मध्य रेल

ई-ऑक्शन

नं. C-45/3/0/3, दिनांक: 25.06.2025. वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक- कोटा मण्डल, पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा कोटा मण्डल के 18 रेलवे स्टेशनों के लिए 56 वॉटर वेंडिंग मशीनों के लिए ई-बोली आमंत्रित की हैं। कैटलॉग को www.ireps.gov.in (e-Auction) पर प्रकाशित किया गया हैं। विवरण निम्न हैं। केटेलॉग संख्या: Kota-WVM-2025 अनुबंध का प्रकार: Misc-Static-Services-Static-Water Vending Machines ई-नीलामी की तिथि और समय: 04.07.2025 और 15:00 बजे कैटलॉग की सम्पूर्ण जानकारी वेबसाइट: www.ireps.gov.in. (e-Auction) पर उपलब्ध हैं।

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

